# फिट इंडिया मिशन

## दिनांक 29-08-23




स्वस्थ रहने छात्र-छात्राओं को दिलाया शपथ

### बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में ली गई फिट रहने की शपथ

**अंवरी,सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** बी सी एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर + फिट इंडिया मिशन+ के तहत लोगो में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है क्योंकि एक स्वस्थ नागरिक मजबूत देश का निर्माण कर सकता है ह्व इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ अनिता राजपुरिया के द्वारा फिटनेस गतिविधियों को अपनाने, पारिवारिक सदस्यों, मित्रो को फिट एवम स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करने तथा फिटनेस मूल्यांकन करने का शपथ दिलाया गया ह्व यह आयोजन प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी निरंजन कुमार तथा आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन किया गया ह्व उक्त कार्यक्रम में डॉ मनदीप खालसा, डॉ हेमवती ठाकुर, प्रो ग्रेस कुजूर , प्रो एन एस देहारी, प्रो दुर्गेश प्रसाद, प्रो कोमल प्रसाद यादव, प्रो अमर सिंह साहू, तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक अपर्णा शर्मा, संकेत कुमार साहू, लीना गजेंद्र, बीसमति देवांगन , तरुण आदि मौजूद रहे।







बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के एनएसएस इकाईयों द्वारा फिट इंडिया मिशन के तहत लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है क्योंकि स्वस्थ्य तन में स्वस्थ्य मन का वास होता है जिससे मजबूत व्यक्तित्व का विकास बनता है और देश की प्रगति में अपना सहयोग प्रदान करता है। इसी उद्देश्य को ध्यान मे रखते हुये समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ अनिता राजपुरिया ने स्वस्थ्य रहने विद्यार्थियों को शपथ दिलाया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती श्रीदेवी चौबे के मार्गदर्शन में किया गया।

Scanned with OKEN Scanner